राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 31 दिसम्बर। कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी की मंशा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधानसभा चुनाव-2018 में रहे पार्टी प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण एवं प्रमुख कांग्रेसजन प्रत्येक माह अपने से संबंधित क्षेत्र में 15 किलोमीटर की पदयात्रा निकालेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने एक परिपत्र जारी कर एआईसीसी व पीसीसी सदस्यगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सांसद/सांसद प्रत्याशीगण, विधायक/विधायक प्रत्याशीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण, बोर्ड/निगम के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, विभागों व प्रकोष्ठा के वर्तमान/नितर्वमान प्रदेशाध्यक्षगण व संयोजकगण, नगर निकाय के अध्यक्षगण तथा पार्टी के जिला प्रमुखगण व प्रधानगण को निर्देशित किया गया है कि वह आगामी 28 जनवरी, 2023 को अपने से संबंधित क्षेत्रों में प्रमुख कांग्रेसजनों को साथ लेकर 15 किलोमीटर की पदयात्रा निकाले।

चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेसजनों को निर्देशित किया गया है कि उनके द्वारा 28 जनवरी, 2023 को निकाली जाने वाली पदयात्रा के रूट चार्ट से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को यात्रा से 7 दिन पूर्व अवगत करायें तथा 28 जनवरी के पश्चात् प्रत्येक माह की 28 तारीख को निकाली जाने वाली 15 किलोमीटर की पदयात्रा के स्थान से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उनको समय-समय पर अवगत करवा दिया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197